## कार्यालय प्रधान मुख्य वन संरक्षक (कक्ष–भू प्रबंध), सतपुड़ा भवन, मध्यप्रदेश, भोपाल

क्रमांक / एफ–3 / 97 / 2018 / 10–11 / 12 / 1688 भोपाल, दिनांक 26/4/23

प्रति,

परियोजना प्रबंधक,
बीना (पी.एम.यू.), जल संसाधन विभाग,
जिला सागर, मध्यप्रदेश

**विषयः–जिला सागर के अंतर्गत बंडा वृहद सिंचाई परियोजना के निर्माण हेतु 530.85 हेक्टेयर (505.5 हे0 के स्थान पर) वनभूमि जल संसाधन विभाग को उपयोग पर देने बाबत्।**

संदर्भः–वनसंरक्षक, सामाजिक वानिकी वृत्त सागर का पृष्ठां. पत्र क्रमांक / स.व.सं. / 2023 / 157, दिनांक 14.03.2023

––0––

उपरोक्त संदर्भित पत्र का अवलोकन करें, त्वरित संदर्भ हेतु छायाप्रति संलग्न है। जिसके द्वारा अवगत कराया गया है, कि बंडा सिंचाई परियोजना निर्माण कार्य प्रगति पर होने के कारण आगामी वर्ष में रोपणी बहरोल डूब क्षेत्र में आने की संभावना है। रोपणी में स्थित विभिन्न अधोसंरचना पर राशि रूपये 147.50 लाख का अनुमानित व्यय किया गया है।

अतः उपरोक्त संबंध में लेख है, कि उक्त राशि रूपये 147.50 लाख को आनलाईन पोर्टल के माध्यम से एड–हॉक कैम्पा मद में जमा कराई जावें।

संलग्नः–उपरोक्तानुसार।

26/4/2023
(सुनील अग्रवाल)
प्रधान मुख्य वन संरक्षक (भू–प्रबंध)
मध्यप्रदेश, भोपाल

पृ. क्रमांक / एफ–3 / 97 / 2018 / 10–11 / 12 / 1689 भोपाल, दिनांक 26/4/23

प्रतिलिपिः–

1. मुख्य वन संरक्षक, (क्षेत्रीय) सागर वृत्त सागर, मध्यप्रदेश।
2. वनसंरक्षक, सामाजिक वानिकी वृत्त सागर, मध्यप्रदेश।
3. वनमंडलाधिकारी, सा0 वनमंडल उत्तर सागर, मध्यप्रदेश।
4. वनमंडलाधिकारी, सा0 वनमंडल दक्षिण सागर, मध्यप्रदेश।

की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु अग्रेषित।

26/4/2023
प्रधान मुख्य वन संरक्षक (भू–प्रबंध)
मध्यप्रदेश, भोपाल

D:\AJ\Data-irrigation\Section F-3 (Part-II).docx

-335-

# कार्यालय वनसंरक्षक, सामाजिक वानिकी वृत्त, सागर (म.प्र.)

☎ 07582-236278, Fax : 07582-236278, E-mail : ccfre.sgr@mp.gov.in

क्रमांक / व्यय / 2023 / सागर, दिनांक /

प्रति,

प्रधान मुख्य वनसंरक्षक,
अनुसंधान, विस्तार एवं लोकवानिकी
सतपुड़ा भवन, भोपाल (म0प्र0)

विषय : रोपणी बहरोल के संबंध में।

--00--

विषयांतर्गत निवेदन है कि सामाजिक वानिकी वृत्त, सागर की इकाई उत्तर सागर के अन्तर्गत संचालित रोपणी बहरोल वनमण्डल उत्तर सागर के वन परिक्षेत्र बांदरी के कक्ष क्रमांक 207 में धसान नदी के किनारे स्थित है, जिसका रकवा लगभग 15 हेक्टेयर है।

बंडा सिंचाई वृहद परियोजना में धसान नदी पर निर्माणाधीन बांध का कार्य प्रगति पर होने के कारण आगामी वर्ष में रोपणी बहरोल डूब क्षेत्र में आने की पूर्ण संभावना है।

सहायक वनसंरक्षक, सामाजिक वानिकी वृत्त, सागर के पत्र क्र./स.व.सं./2022/2389 दिनांक 05.12.2022 के मौका स्थल पर किये गये निरीक्षण प्रतिवेदन अनुसार रोपणी बहरोल डूब क्षेत्र में आने के उपरांत उत्तर वनमण्डल, सागर के उत्तर सागर परिक्षेत्र की बीट उल्दन वन कक्ष क्रमांक आर. एफ. 258/पी.एफ. 278 में 10 से 12 हेक्टेयर का क्षेत्र रोपणी स्थापित करने हेतु स्थल उपयुक्त पाये जाने पर रोपणी बहरोल का स्थल परिवर्तन करने हेतु प्रस्ताव दिया गया है।

वनमण्डल अधिकारी, उत्तर सागर के पत्र, क्र./मा.चि./2023/1213 दि. 28.02.2023 के अनुसार परियोजना में आवेदित वन भूमि रकवा 530.85 हैक्टेयर की भारत सरकार पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय नई दिल्ली द्वारा जारी सैद्धांन्तिक स्वीकृति में अधिरोपित शर्त के अन्तर्गत मध्यप्रदेश शासन वन विभाग के आदेश दिनांक 12.09.2008 में निहित प्रावधानों के अन्तर्गत नेट प्रजेन्ट वेल्यू राशि रू. 40804534.00 आवेदक जल संसाधन विभाग सागर द्वारा कैम्पा मद में हस्तांतरित की गई है। रोपणी में स्थित अधोसंरचना की राशि आवेदक विभाग द्वारा जमा नहीं की गई है।

रोपणी बहरोल में वनरक्षक भवन, पौधा बेड, वर्मी पिट, बाहय रोड, आंतरिक रोड एवं विभिन्न अधोसंरचना पर राशि रू. 147.50 लाख का अनुमानित व्यय किया गया है। आवेदक विभाग से रोपणी बहरोल में मौका स्थल का सर्वे कर राशि की मांग एवं किस मद में राशि जमा की जाना है के संबंध में निर्देश प्रसारित करने का अनुरोध है।

प्रतिवेदन सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु सम्प्रेषित।

संलग्न : उपरोक्तानुसार सूची।

(संजीव झा)
वनसंरक्षक
सामाजिक वानिकी वृत्त, सागर

पृ0क्र0 / स.व.सं. / 2023 / 157 सागर, दिनांक / 14-03-2023

प्रतिलिपि : प्रधान मुख्य वनसंरक्षक, कैम्पा, सतपुड़ा भवन, भोपाल की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु सादर सम्प्रेषित। संलग्न सूची अनुसार रोपणी बहरोल में निर्मित अधोसंरचना एवं अन्य नर्सरी कार्या हेतु राशि रू. 147.50 लाख आवेदित विभाग से प्राप्त कर आगामी वित्तीय वर्ष में उपलब्ध कराने हेतु अनुरोध है।

संलग्न : उपरोक्तानुसार सूची।

वनसंरक्षक
सामाजिक वानिकी वृत्त, सागर

balrol 2023

प्रधान मुख्य वन संरक्षक (कैम्पा)
मध्यप्रदेश, भोपाल
20/3/2023

866
21.3.23

अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (भू-प्रबंध)
मध्यप्रदेश, भोपाल
21/3

707
24/3/23

-336-

# कार्यालय, वन विस्तार अधिकारी इकाई उत्तर सागर

/2023/ 49 सागर, दिनांक 16.01.2023

प्रति,

श्रीमान सहायक वनसंरक्षक महोदय,
सामाजिक वानिकी वृत्त सागर

कार्यालय सहायक वन संरक्षक सामाजिक वानिकी वृत्त सागर, आवक क्र. 408, दि. 1/2/23

द्वारा :— वन विस्तार अधिकारी, इकाई उत्तर सागर।

विषय :— रोपणी बहरोल में निर्मित अधोसंरचना कार्यो की जानकारी।

----000----

विषयांतर्गत में निवेदन है कि सामाजिक वानिकी वृत्त सागर के अंतर्गत इकाई उत्तर सागर के अंतर्गत रोपणी बहरोल में बण्डा वृहद सिंचाई परियोजना अंतर्गत दशान नदी पर डेम निर्माण कार्य चल रहा है। जिसके अंतर्गत रोपणी बहरोल डूब क्षेत्र में होने के कारण रोपणी में निर्मित अधोसंरचना कार्यो की जानकारी निम्नानुसार है, जो डूब क्षेत्र में आ रहे है।

| क्र. | अधोसंरचना विकास कार्य | साईज | अनुमानित व्यय |
|---|---|---|---|
| 1 | रोपणी प्रभारी आवास (वनरक्षक नाका) | 22.9x40 फुट | 1200000.00 |
| 2 | चौकीदार हटक्रमांक 01 | 15x26.8 | 500000.00 |
| 3 | लेटबाथ | 7x7 | 100000.00 |
| 4 | चबूतरा | 17.6x75 | 100000.00 |
| 5 | वर्मीशेड | 85x30 | 500000.00 |
| 6 | पिट संख्या 10 | 12x10.6 | 500000.00 |
| 7 | बीज उपचार चबूतरा | 50x50 | 350000.00 |
| 8 | मेनगेट | 14x6.5 | 400000.00 |
| 9 | मेन बोर्ड | 15x10 | 50000.00 |
| 10 | तार फेसिंग 5 लाईन | 2600 र.मी. | 800000.00 |
| 11 | पत्थर दीवाल | 1650 र.मी. | 500000.00 |
| 12 | पानी की टंकी 02 | 10x10 | 200000.00 |
| 13 | चौकीदार हटक्रमांक 02 | 16x23 | 500000.00 |
| 14 | चौकीदार हटक्रमांक 03 | 16x23 | 500000.00 |
| 15 | हेन्डपम्प 01 | 300 फुट गइराई | 250000.00 |
| 16 | पम्प हाऊस 01 | 8x10 | 200000.00 |
| 17 | महिला शौचालाय 01 | 8x10 | 100000.00 |
| 18 | आंतरिक रोड संख्या 10 | 1128 र.मी. | 2500000.00 |
| 19 | बाहय रोड | 770 र.मी. | 1000000.00 |
| 20 | पेगोडा | 42x2 | 3000000.00 |
| 21 | सेक्टर नं. 01 से 09 तक बेड संख्या 1000 | 10x1 मी. | 1500000.00 |
| | | कुल योग — | 14750000.00 |

व.म. अधि. उ. सागर को लेख करें।

3.2.23

वन विस्तार अधिकारी
इकाई उत्तर सागर